भारत सरकार
जल शक्ति मंत्रालय
जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 5389
जिसका उत्तर 25 जुलाई, 2019 को दिया जाना है।

.....

स्वच्छता दूतों की नियुक्ति

5389. श्री विजय कुमार:

क्या **जल शक्ति मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने नमामि गंगे अभियान को प्रभावी तरीके से चलाने के लिए किसी संगठन अथवा गैर-संस्थागत संगठनों से स्वच्छता दूतों की नियुक्ति के लिए कोई कदम उठाए हैं;

(ख) यदि हां, तो बिहार में नियुक्त किए गए स्वच्छता दूतों का ब्यौरा क्या है; और

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

जल शक्ति और सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्य मंत्री (श्री रतन लाल कटारिया)

(क) जी, नहीं। भारतीय वन्य जीव संस्थ (डब्ल्यूआईआई), देहरादून तथा बनारस दू विश्वविद्यालय (बीएचयू), वाराणसी ने हालांकि सार्वजनिक आऊटरीच कार्यक्रमों को बढावा देने हेतु विभिन्न संवर्गों के स्वंयसेवकों जैसे क्रमशः गंगा प्रहरी तथा गंगा मित्र को प्रशिक्षित किया है जोकि गंगा पुनरूद्धार कार्यक्रम को लोगों का कार्यक्रम बनाने में मदद करेंगे।

(ख) और (ग) बिहार के 62 गंगा प्रहरी, स्वयंसेवकों को डब्ल्यूआईआइ, देहरादून के द्वारा प्रशिक्षित किया गया है।

*****